राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का संस्थान)
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली-110012

संख्याः 53(2)/18-मा.स./एनएससी — दिनांक 15 जूलाई, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषयः औधोगिक मंहगाई भत्ता वेतनमान में कार्यरत कर्मचारियों / अधिकारियों के औधोगिक मंहगाई भत्ते की दर में संशोधन ।

उपरोक्त विषय पर दिनांक 21.04.2023 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

लोक उधम विभाग के कार्यालय आदेश संख्या डब्लूय-02/0039/2017-लोउवि (मजूरी कक्ष) जी.एल.- XIII /2023 दिनांक 07.07.2023 के अनुसार दिनांक 01.07.2023 से औधोगिक महंगाई भत्ते में वर्तमान दर 37.7% से बढा कर 39.2% कर दिया गया है।

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से लोक उधम विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या डब्लूय-02/0039/2017-लोउवि (मजूरी कक्ष) जी.एल.- XIII /2023 दिनांक 10.07.2023 के अनुसार 01.07.2023 से परिवर्तनीय औधोगिक मंहगाई भत्ते का निर्णय लिया गया है चूंकि एन.एस.सी. में दिनांक 01.01.2017 से नये वेतनमान कार्यालय आदेश सं. 154 दिनांक 02.04.2018 से लागू हैं अतः औधोगिक महंगाई भत्ता वेतनमान में कार्यरत निगम के अधिकारियों / कर्मचारियों पर निम्नानुसार औधोगिक मंहगाई भत्ता लागू होगा।

देय तिथि	संशोधित मंहगाई भत्ते की दर (प्रतिशत)
01.07.2023	39.2%

ऊपर संदर्भित, लोक उधम विभाग के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 03.08.2017, 04.08.2017 तथा 07.09.2017 के अनुसार औधोगिक मंहगाई भत्ता पाने वाले कर्मचारियों जिनके वेतन 01.01.2017 से संशोधित किए गए हैं के मामले में ये दरें लागू होगी।

देय महंगाई भत्ते के भाग के रूप में शामिल 50 पैसे और उससे अधिक को अगले पूर्ण रूपये के रूप में मान लिया जायेगा और 50 पैसे से कम को छोड़ दिया जाएगा।

ऊपर संदर्भित दर लोक उधम विभाग के कार्यालय ज्ञापन डब्लूय-02/0039/2017-लोउवि (मजूरी कक्ष) जी.एल.- XIII /2023 दिनांक 07.07.2023 के अनुसार औधोगिक मंहगाई भत्ता की दरें उन कर्मचारियों / अधिकारियों जिनके वेतन दिनांक 01.01.2017 से संशोधित किए गए है, के मामले में लागू होगी। वर्तमान दरों का भुगतान जूलाई माह 2023 से किया जाएगा।

पूनम शर्मा 15/07/2023
(पूनम शर्मा)
सहायक प्रबन्धक (मा. सं.)

प्रतिलिपिः
1. सभी क्षेत्रीय प्रबन्धक/प्रक्षेत्र प्रबन्धक, एनएससी लिमिटेड.।
2. सभी फार्म प्रमुख, केन्द्रीय राज्य फार्म, एनएससी लिमिटेड.।
3. मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष
4. उप महा प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)/(क.भ.नि.), एन.एस.सी. नई दिल्ली।
5. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव
6. निदेशक (वित्त) / निदेशक (वाणिज्यक), एन.एस.सी. नई दिल्ली।
7. सुचना तकनीकी विभाग- उचित कार्यावाही हेतू।
8. गार्ड फाइल ।